# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

## PG Diploma in Rehabilitation Psychology (PGDRP) gets approval from RCI

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 28-10-2021**

# हकेंवि में पीजीडीआरपी को मिली भारतीय पुनर्वास परिषद की मंजूरी

## बोले, मनोविज्ञान के क्षेत्र में योग्य विशेषज्ञों की उपलब्धता का मार्ग होगा प्रशस्त

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ :** मनोविज्ञान के क्षेत्र में भविष्य निर्माण की चाह रखने वाले युवाओं के लिए हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में अब पीजीडीआरपी (पुनर्वास मनोविज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा) पाठ्यक्रम की भी पढ़ाई भी होगी। विश्वविद्यालय की मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान पीठ के अंतर्गत मनोविज्ञान विभाग को रिहेबिलिटेशन काउंसिल आफ इंडिया (आरसीआइ) नई दिल्ली के द्वारा पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रिहैबिलिटेशन साइकोलाजी (पीजीडीआरपी) पाठ्यक्रम चलाने की मंजूरी दे दी है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने मनोविज्ञान के क्षेत्र में विशेषज्ञों की



प्रो. टंकेश्वर कुमार।

मांग और उसके परिणाम स्वरूप रोजगार की बढ़ती संभावनाओं को देखते हुए इस क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं की उपलब्धता हेतु इस पाठ्यक्रम को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने विश्वविद्यालय में इस पाठ्यक्रम की उपलब्धता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अवश्य ही इससे मनोविज्ञान के क्षेत्र में बढ़ती प्रशिक्षित युवाओं की मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी। विश्वविद्यालय कुलपति ने बताया कि आरसीआई की ओर से मंजूर नए पाठ्यक्रम में इस क्षेत्र से संबंधित शिक्षण-प्रशिक्षण का कार्य व्यावहारिक एवं वैज्ञानिक पद्धति के अनुरूप किया जाएगा। विश्वविद्यालय को मिली मंजूरी के अनुसार इस कोर्स में सत्र 2021-22 से 2025-26 तक अध्ययन का मार्ग प्रशस्त हो गया है। मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डा. वीएन यादव ने बताया कि विश्वविद्यालय में इस पाठ्यक्रम की मंजूरी के लिए आरसीआई द्वारा छह अक्टूबर 2021 में निरीक्षण किया गया था। जिसके पश्चात विश्वविद्यालय को इस पाठ्यक्रम के अंतर्गत 10 सीटों पर दाखिले की आवश्यक मानकों के अनुरूप मंजूरी प्रदान की गई है । इस पाठ्यक्रम में दाखिले की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाएगी। इस मंजूरी के बाद 2021- 22 से लेकर 2025-26 सत्र तक हम इस पाठ्यक्रम का संचालन करेंगे । डा. वी.एन. यादव ने इस उपलब्धि के बाद विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा का आभार व्यक्त किया और विभाग के शिक्षकों डा. पायल चंदेल, डा. प्रदीप कुमार, डा. विष्णु नारायण कुचेरिया, डा. रवि पाण्डेय व डा. रितु शर्मा के योगदान की भी सराहना की।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 28-10-2021**

# हकेंवि में पी.जी.डी.आर.पी. को मिली भारतीय पुनर्वास परिषद की मंजूरी

## बोले– मनोविज्ञान के क्षेत्र में योग्य विशेषज्ञों की उपलब्धता का मार्ग होगा प्रशस्त



*हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय का भवन।*

महेंद्रगढ़, 27 अक्तूबर (मोहन, परमजीत): मनोविज्ञान के क्षेत्र में भविष्य निर्माण की चाह रखने वाले युवाओं के लिए हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में अब पी.जी.डी.आर.पी. (पुनर्वास मनोविज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा) पाठ्यक्रम की भी पढ़ाई भी होगी। विश्वविद्यालय की मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान पीठ के अंतर्गत मनोविज्ञान विभाग को रिहैबिलिटेशन काऊंसिल ऑफ इंडिया (आर.सी.आई.) नई दिल्ली द्वारा पोस्ट ग्रैजुएट डिप्लोमा इन रिहैबिलिटेशन साइकोलॉजी (पी.जी.डी.आर.पी.) पाठ्यक्रम चलाने की मंजूरी दे दी गई है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने मनोविज्ञान के क्षेत्र में विशेषज्ञों की मांग और उसके परिणामस्वरूप रोजगार की बढ़ती संभावनाओं को देखते हुए इस क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं की उपलब्धता हेतु इस पाठ्यक्रम को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने विश्वविद्यालय में इस पाठ्यक्रम की उपलब्धता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अवश्य ही इससे मनोविज्ञान के क्षेत्र में बढ़ती प्रशिक्षित युवाओं की मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी। विश्वविद्यालय को मिली मंजूरी के अनुसार इस कोर्स में सत्र 2021-22 से 2025-26 तक अध्ययन का मार्ग प्रशस्त हो गया है। मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डा. वी.एन. यादव ने बताया कि विश्वविद्यालय में इस पाठ्यक्रम की मंजूरी हेतु आर.सी.आई. द्वारा 6 अक्तूबर 2021 में निरीक्षण किया गया था, जिसके पश्चात विश्वविद्यालय को इस पाठ्यक्रम के अंतर्गत 10 सीटों पर दाखिले की आवश्यक मानकों के अनुरूप मंजूरी प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि इस पाठ्यक्रम में दाखिले की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाएगी।

इस मंजूरी के बाद 2021- 22 से लेकर 2025-26 सत्र तक हम इस पाठ्यक्रम का संचालन करेंगे। डा. वी.एन. यादव ने इस उपलब्धि के बाद विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा का आभार व्यक्त किया और विभाग के शिक्षकों डा. पायल चंदेल, डा. प्रदीप कुमार, डा. विष्णु नारायण कुचेरिया, डा. रवि पाण्डेय व डा. रितु शर्मा के योगदान की भी सराहना की।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 28-10-2021**

# केंद्रीय विश्वविद्यालय में पीजीडीआरपी को मिली पुनर्वास परिषद की मंजूरी

**महेंद्रगढ़** | मनोविज्ञान के क्षेत्र में भविष्य निर्माण की चाह रखने वाले युवाओं के लिए हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में अब पीजीडीआरपी (पुनर्वास मनोविज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा) पाठ्यक्रम की भी पढ़ाई भी होगी। विश्वविद्यालय की मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान पीठ के अंतर्गत मनोविज्ञान विभाग को रिहैबिलिटेशन काउंसिल ऑफ इंडिया के द्वारा पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रीहेबिलिटेशन साइकोलॉजी पाठ्यक्रम चलाने की मंजूरी दे दी है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने मनोविज्ञान के क्षेत्र में विशेषज्ञों की मांग और उसके परिणाम स्वरूप रोजगार की बढ़ती संभावनाओं को देखते हुए इस क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं की उपलब्धता हेतु इस पाठ्यक्रम को महत्त्वपूर्ण बताया। उन्होंने विश्वविद्यालय में इस पाठ्यक्रम की उपलब्धता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अवश्य ही इससे मनोविज्ञान के क्षेत्र में बढ़ती प्रशिक्षित युवाओं की मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी। कुलपति ने बताया कि आरसीआई की ओर से मंजूर नए पाठ्यक्रम में इस क्षेत्र से संबंधित शिक्षण-प्रशिक्षण का कार्य व्यावहारिक एवं वैज्ञानिक पद्धति के अनुरूप किया जाएगा। विश्वविद्यालय को मिली मंजूरी के अनुसार इस कोर्स में सत्र 2021-22 से 2025-26 तक अध्ययन का मार्ग प्रशस्त हो गया है। मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. वी.एन यादव ने बताया कि विश्वविद्यालय में इस पाठ्यक्रम की मंजूरी हेतु आरसीआई द्वारा 6 अक्टूबर 2021 में निरीक्षण किया गया था। जिसके पश्चात विश्वविद्यालय को इस पाठ्यक्रम के अंतर्गत 10 सीटों पर दाखिले की आवश्यक मानकों के अनुरूप मंजूरी प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि इस पाठ्यक्रम में दाखिले की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाएगी। इस मंजूरी के बाद 2021- 22 से लेकर 2025-26 सत्र तक हम इस पाठ्यक्रम का संचालन करेंगे। डॉ. वी.एन. यादव ने इस उपलब्धि के बाद आभार व्यक्त किया और विभाग के शिक्षकों डॉ. पायल चंदेल, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. विष्णु नारायण कुचेरिया, डॉ. रवि पाण्डेय व डॉ. रितु शर्मा के योगदान की भी सराहना की।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 28-10-2021**

# हकेंविवि में पीजीडीआरपी को मिली भारतीय पुनर्वास परिषद् की मंजूरी

**महेंद्रगढ़।** मनोविज्ञान के क्षेत्र में भविष्य निर्माण की चाह रखने वाले युवाओं के लिए हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में अब पीजीडीआरपी (पुनर्वास मनोविज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा) पाठ्यक्रम की भी पढ़ाई भी होगी। विश्वविद्यालय की मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान पीठ के अंतर्गत मनोविज्ञान विभाग को रिहेबिलेशन काउंसिल ऑफ इंडिया (आरसीआई) नई दिल्ली द्वारा पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रिहेबिलिटेशन साइकोलॉजी (पीजीडीआरपी) पाठ्यक्रम चलाने की मंजूरी दे दी है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने मनोविज्ञान के क्षेत्र में विशेषज्ञों की मांग और उसके परिणाम स्वरूप रोजगार की बढ़ती संभावनाओं को देखते हुए इस क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं की उपलब्धता हेतु इस पाठ्यक्रम को महत्वपूर्ण बताया। मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. वी.एन यादव ने बताया कि विश्वविद्यालय में इस पाठ्यक्रम की मंजूरी हेतु आरसीआई द्वारा 6 अक्तूबर 2021 में निरीक्षण किया गया था।

## 5 टीमों का जोनल लेवल के लिए हुआ चयन

**नारनौल।** हरियाणा राज्य विज्ञान एवं तकनीकी परिषद द्वारा बुधवार को राजकीय महाविद्यालय नारनौल में जिला स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कराई गई। कार्यक्रम में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी के संयुक्त सचिव डॉ. पवन शर्मा मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। मुख्यातिथि ने मनुष्य जीवन में विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न कॉलेजों से 22 टीमों ने भाग लिया। इसमें 8 टीमों का चयन लिखित परीक्षा से किया गया। इन 8 टीमों में से उत्कृष्ट 5 टीमों का जोनल लेवल के लिए चयन किया गया।